Workers' Compensation Board – Alberta

कर्मचारी
तथ्य पत्रक

# निजी देखभाल (Personal Care)

कार्यस्थल में लगी कोई गंभीर चोट जिंदगी बदलने वाली हो सकती है। जो बुनियादी काम आपकी रोज़मर्रा की बात हुआ करते थे, वे अब संभावित रूप से चुनौती हो सकते हैं और हम सहायता करने के लिए यहाँ मौजूद हैं।

यदि आप गंभीर रूप से घायल हुए हैं, तो आपकी अस्पताल से छुट्टी के देखभाल प्लान के माध्यम से या आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता (provider) द्वारा निजी देखभाल की सिफारिश की जा सकती है। निजी देखभाल प्रदाता घाव की देखभाल, नहाने, कपड़े पहनने, घरेलू व्यवस्था और परिवहन जैसे कामों में सहायता कर सकते हैं।

इन मामलों में, हम आवश्यक देखभाल प्रदान करने के लिए आपके लिए किसी घरेलू स्वास्थ्य देखभाल एजेंसी से अनुबंध कर सकते हैं। या फिर, हम आपको निजी देखभाल भत्ते (personal care allowance - PCA) की पेशकश कर सकते हैं जिसका इस्तेमाल आप अस्थायी या स्थायी घरेलू देखभाल की लागत को कवर करने के लिए कर सकते हैं।

## निजी देखभाल भत्ते की पात्रता

यदि आप कार्यस्थल की किसी चोट के बाद गंभीर रूप से विकलांग हो जाते हैं, तो हम यह सुनिश्चित करने के लिए PCA के लिए पात्रता तय करने के लिए निम्नलिखित दो-चरण वाली प्रक्रिया अपनाते हैं जिससे आपको घर में सुरक्षित रूप से स्वास्थ्य-लाभ के लिए अपनी आवश्यकता की सहायता मिले।

चरण 1. पुष्टि करें कि आप गंभीर रूप से विकलांग हैं।

आपको तब गंभीर रूप से विकलांग माना जाता है जब:

- स्वीकार्य कार्य-संबंधी चोट के कारण, आपकी गंभीर और लंबी कार्यात्मक सीमाएं होती हैं (जैसे आप चल नहीं सकते), और
- उन कार्यात्मक सीमाओं के कारण आपको संवाद, चलने-फिरन या स्वयं की देखभाल के संबंध में अस्थायी या स्थायी सहायता की आवश्यकता होती है।

चरण 2. पुष्टि करें कि घर पर रहने के लिए, आपको स्वीकृत कार्य-संबंधी चोट के कारण संवाद करने, इधर-उधर जाने या स्वयं की देखभाल या निगरानी के संबंध में सहायता की आवश्यकता होती है।

यदि आप ऊपर दिए गए मानदंड को पूरा करते हैं, तो WCB-Alberta निजी देखभाल भत्ते के रूप में सहायता के लिए भुगतान कर सकती है (अन्य लाभों के अतिरिक्त)। दिए जाने वाले भत्ते की धनराशि आपकी आवश्यकता की निजी देखभाल के स्तर पर निर्भर करती है।

## आपकी निजी देखभाल की आवश्यकता निर्धारित करना

PCA सहायता की पेशकश तब करता है, यदि आपको घर पर रहने के लिए सहायता की आवश्यकता हो (किसी नर्सिंग देखभाल सुविधा-केंद्र में रहना विकल्प होगा)। स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर (जैसे फिजिशियन, पंजीकृत नर्स, व्यावसायिक चिकित्सक, इत्यादि...) यह निर्धारित करते हैं कि आपको किस सहायता की आवश्यकता है। ये पेशेवर आपकी कार्य-संबंधी चोट के लिए शारीरिक सीमाओं और देखभाल की अपेक्षाओं के आधार पर सेवाओं के लिए सिफारिशें करते हैं।

यदि आपका किसी अस्पताल में उपचार किया गया था, तो आपको किसी ऐसे देखभाल प्लान के साथ छुट्टी दी जा सकती है जिसमें आपकी निजी देखभाल की आवश्यकताओं का विवरण होता है। सिफारिशों के आधार पर, आपका मामला प्रबंधक (case manager) आपकी आवश्यकताओं (जैसे देखभाल का प्रकार, प्रति सप्ताह घंटों की संख्या) की पुष्टि करने और WCB-Alberta की ओर से सेवाओं की पेशकश करने के लिए किसी निजी देखभाल एजेंसी से संपर्क करेगा।

एजेंसी द्वारा प्रबंधित गृह स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की प्रायः केवल आरंभिक कम अवधि के आधार पर आवश्यकता होती है और इनके लिए सीधे WCB-Alberta को बिल भेजा जाता है।

## स्वयं-प्रबंधित निजी देखभाल

स्वयं-प्रबंधित निजी देखभाल बढ़ी हुई आत्म-निर्भरता और कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देती है। स्वयं-प्रबंधित निजी देखभाल लंबी अवधि की आवश्यकताओं के लिए और आपके चिकित्सीय स्वास्थ्य-लाभ के अधिकतम और स्थिर हो जाने के बाद (प्रायः आरंभिक एजेंसी द्वारा प्रदान की जाने वाली देखभाल के दौरान प्रदान की गई सहायता द्वारा) विशिष्ट रूप से उपयुक्त मानी जाती है।

इस चरण पर, आप अपने घर में अपनी आवश्यकता की निजी, घरेलू प्रबंधन और निगरानी संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए किसी नर्स, अटेंडेंट, या परिवार के सदस्य को नियुक्त करने की व्यवस्था कर सकते हैं। WCB-Alberta स्वयं-प्रबंधित PCA का सीधे आपको या आपके कानूनी मनोनीत व्यक्ति को भुगतान करती है। आप या आपका कानूनी मनोनीत व्यक्ति देखभालकर्ताओं को अनुमोदित सेवाओं के लिए सीधे भुगतान करते हैं। उपयुक्त आवश्यक सहायता का निर्धारण करने के लिए स्वयं-प्रबंधित निजी देखभाल आवश्यकता फॉर्म अवश्य भरा जाना चाहिए।

## आपकी सहायता करने वाले देखभालकर्ताओं के लिए कर्मचारी मुआवज़ा कवरेज

हो सकता है कि कुछ देखभालकर्ताओं (ठेकेदार या उप-ठेकेदार) के पास अपना स्वयं का कर्मचारी क्षतिपूर्ति बीमा न हो। पहले से यह जानकर कि कार्यस्थल संबंधी कोई दुर्घटना आपके जीवन और इस बीमे के मूल्य को कैसे बदल सकती है, आप कर्मचारी मुआवज़े के माध्यम से स्वयं और अपने देखभालकर्ताओं की रक्षा करने के लिए किसी माने जाने वाले आदेश (deeming order) के लिए आवेदन करना चाह सकते हैं।

आपके लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि यदि आपके लिए काम करते समय ये व्यक्ति घायल हो जाते हैं, तो आपकी मुकदमे से तब तक रक्षा नहीं की जाती है जब तक आपने कवरेज को लागू न किया हो।

कोई माने जाने वाला आदेश यह सुनिश्चित करने में सहायता कर सकता है कि आपके लिए देखभाल कार्य करने वाले सभी व्यक्ति कर्मचारी मुआवज़ा बीमे द्वारा कवर हों। किसी निजी अटेंडेंट को कवर करने के लिए WCB-Alberta प्रीमियम, WCB द्वारा भी कवर होते हैं – आपके लिए कोई अतिरिक्त लागत नहीं है। कृपया इस विकल्प के संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिए अपने मामला प्रबंधक से संपर्क करें।

## स्वयं-प्रबंधित निजी देखभाल भत्ते में सम्मिलित लाभ

आपकी PCA लाभ राशि का निर्धारण कर लिए जाने के बाद, नीचे कुछ ऐसे व्यय दिए गए हैं जिनके लिए आप द्वारा देखभालकर्ता के नियोक्ता (employer) के रूप में अपने मासिक, स्वयं-प्रबंधित PCA में बजट बनाने की आवश्यकता होती है:

- आपके अटेंडेंट और/या नर्स के सकल वेतन को कवर करने के लिए धनराशि।
- आपके अटेंडेंट के लिए वैधानिक अवकाशों और छुट्टी के वेतन को कवर करने के लिए धनराशि।
- आपके अटेंडेंट के वेतन पर आधारित, Revenue Canada को देय कोई धनराशि जो अटेंडेंट के कनाडा पेंशन प्लान और रोज़गार बीमा प्रीमियमों के आपके भाग का प्रतिनिधित्व करती है।
- बैंक सेवा प्रभारों सहित आपके बही खाते या प्रशासन व्ययों को कवर करने के लिए धनराशि।

## स्वयं-प्रबंधित निजी देखभाल भत्ता भुगतान

आपको PCA का भुगतान प्रत्येक माह के आरंभ होने के आसपास किया जाता है। PCA का भुगतान तब तक किया जाता है जब तक मुआवज़ा योग्य चोटों के परिणामस्वरूप इसकी आवश्यकता है।

टैक्स के प्रयोजनों के लिए, PCA को तब आय के रूप में सूचित किया जाना चाहिए, जब आप अपनी निजी वार्षिक आय कर विवरणी दाखिल करते हैं। यदि अपने कनाडा राजस्व एजेंसी (Canada Revenue Agency - CRA) दायित्वों के बारे में आपके प्रश्न हों, तो कनाडा राजस्व एजेंसी से संपर्क करें या कोई लेखाकार (एकाउंटेंट) या आवासीय सहायता नियोजन सेवाएं (Residential Aid Placement Services) कार्यालय आपकी सहायता कर सकेगा।

## निजी देखभाल भत्ते की समीक्षा

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको वे सेवाएं प्राप्त हो रही हैं जो आपकी आवश्यकताओं को पूरा करना जारी रखती हैं, आपका मामला प्रबंधक आपकी फाइल में मौजूद जानकारी की सतत आधार पर समीक्षा करेगा। आपकी चिकित्सा स्थिति में कोई परिवर्तन, घरेलू संशोधनों की पूर्णता या किसी अन्य घर में जाकर बस जाने जैसी चीज़ें आपकी आवश्यकता की देखभाल का पुनर्निधारण करने की ज़रूरत का संकेत दे सकती हैं। यदि आपकी चिकित्सा स्थिति या परिस्थितियों में कोई बदलाव हुआ है, तो कृपया अपने मामला प्रबंधक को सूचित करें।